भारतीय जनता पार्टी

राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक

16, 17 जनवरी, 2023

भारत की G20 अध्यक्षता पर NEC का वक्तव्य

01 G20 एक अनूठा मंच है जो 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 85%, वैश्विक व्यापार का 75% और वैश्विक आबादी का 60% हिस्सा है। 2008 से, अंतरराष्ट्रीय निर्णय लेने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारत का अपनी अध्यक्षता ग्रहण करना न केवल राष्ट्रीय गौरव का विषय है बल्कि वैश्विक उद्देश्यों को आकार देने में मदद करने का एक अवसर है।

02 UN, IMF, WHO जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठन भी G20 बैठकों में भाग लेंगे। वर्तमान अध्यक्ष के रूप में, भारत ने 9 अन्य देशों को अपने अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। पूरे वर्ष में लगभग 200 बैठकों में कुल मिलाकर 43 प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। हम भारत में प्रतिनिधियों का दिल से स्वागत करते हैं और कामना करते हैं कि उनका दौरा सुखद रहे और वो यादों को संजो कर ले जाएं।

03 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि भारत की G20 अध्यक्षता पूरे देश की है और यह दुनिया के सामने विकास, ताकत और विविधता को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर है। इसलिए देशभर के 50 से अधिक शहरों में लगभग 200 बैठकें होंगी।

04 भारत की G20 अध्यक्षता पूरे देश के लिए गौरव का अवसर है और सभी को इसकी सफलता सुनिश्चित करनी चाहिए। नागरिकों के रूप में, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम भारत को उसकी विरासत, संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप दुनिया के सामने पेश करें।

05 भारत ने "वसुधैव कुटुम्बकम" यानी "One Earth, One Family, One Future" को अपनी G20 अध्यक्षता थीम के रूप में लिया है। इसका संदेश यह है कि आर्थिक विकास, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी प्रमुख वैश्विक चुनौतियों को केवल सहयोग के माध्यम से ही प्रभावी ढंग से संबोधित किया जा सकता है।

भारतीय जनता पार्टी

राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक

16, 17 जनवरी, 2023

भारत की G20 अध्यक्षता पर NEC का वक्तव्य

06 G20 अध्यक्षता के दौरान प्रतिनिधियों और राजनयिकों सहित बड़ी संख्या में विदेशी अतिथि भारत आएंगे, यह पर्यटन को बढ़ावा देने और हमारे स्थानीय उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है। ऐसे सभी स्थान जहां G20 बैठकें आयोजित की जाएंगी, ऐसे कार्यक्रम देखने को मिलेंगे जो स्थानीय संस्कृति, भोजन, विरासत, नृत्य और संगीत के संपर्क को अधिकतम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। हमें जो दृष्टिकोण अपनाना चाहिए वह "अतिथि देवो भव:" की हमारी परंपरा के अनुरूप होना चाहिए।

07 साथ ही, विदेशी आगंतुक हमारी अर्थव्यवस्था और समाज के परिवर्तन को भी देखेंगे जो एक नए भारत की ओर हमारी यात्रा का हिस्सा है। विशेष रूप से, हमारी डिजिटल डिलीवरी, हरित विकास, सतत विकास, प्रौद्योगिकी विकास और मानव-केंद्रित शासन उनकी रुचि और ध्यान के विषय होंगे।

08 नए भारत के पथप्रदर्शक होने के नाते, छात्र और युवा इस अवसर के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक दूत हैं। जैसा कि अगर दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए हुए लोग भारतीय राज्यों का दौरा करते हैं तो संबंधित राज्यों के युवाओं को अपने राज्य को जानने में उनकी सहायता करनी चाहिए।

09 G20 अध्यक्षता विभिन्न स्वरूपों में नागरिक समाज को जोड़ने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच प्रस्तुत करता है। इसमें विभिन्न श्रेणियों जैसे महिला 20, विज्ञान 20, सिविल 20, थिंक टैंक 20, स्टार्टअप 20, श्रमिक 20, शहरी 20 और युवा 20 के तहत कार्यक्रम शामिल हैं। इन आयोजनों से संबंधित कई सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनियां विभिन्न स्थानों पर लगाई जा सकती हैं, जिनमें पिछले 8 वर्षों में सरकार द्वारा किये गए कार्यों का प्रदर्शन किया जाए।

भारतीय जनता पार्टी

राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक

16, 17 जनवरी, 2023

भारत की G20 अध्यक्षता पर NEC का वक्तव्य

10 सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं के साथ, भारत अपनी G20 अध्यक्षता के दौरान विविध हितधारकों को एक साथ लाने और वैश्विक चुनौतियों को हल करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आम सहमति बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। भारत को सही मायने में "लोकतंत्र की जननी" कहा जा सकता है।

11 चूंकि G20 मुख्य रूप से विकसित राष्ट्रों से बना है, इसलिए भारत पर ग्लोबल साउथ की आवाज बनने की भी जिम्मेदारी है। ऋण और आर्थिक सुधार के साथ-साथ ऊर्जा, खाद्य और उर्वरक सुरक्षा के बारे में उनकी चिंताएं गंभीर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने "Voice of the Global South" समिट बुलाई, जिसमें 120 से अधिक देशों को उनके विचारों और हितों का पता लगाने के लिए शामिल किया गया।

12 भारत की पहल पर वर्ष 2023 को "International Year of Millets" के रूप में मनाया जाएगा। यह सभी G20 आयोजनों में हमारे अपने बाजरा व्यंजनों को शामिल करने में परिलक्षित होगा।

13 G20 हमें "Make in India" और "Vocal For Local" जैसी विकासात्मक पहलों को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। विभिन्न बैठकों के लिए उपहार 'One District One Product' पहल से प्राप्त किए जाएंगे।

14 सभी गतिविधियों को व्यक्तिगत और सामाजिक क्षमताओं में आयोजित किया जाना चाहिए। G20 के बारे में समाज को बड़े पैमाने पर अवगत किया जाना चाहिए और 'न्यू इंडिया' दिखाने और अवसरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।